माननीय श्री शलभ मणि त्रिपाठी जी, श्री रमेश चंद्र मिश्रा जी, श्री संजय मिश्रा जी और श्री प्रमोद तिवारी जी, UP परिवार समिति के सदस्य तथा उपस्थित श्रोता.

.

नमस्कार

1. मुझे आज बहरीन में UP दिवस के समारोह में शामिल होकर खुशी हो रही है। मैं इस आयोजन के लिए UP Parivaar Bahrain की कार्यकारी समिति को बधाई देता हूं।

2. मुझे खुशी है कि आज हमारे बीच UP से कुछ विशिष्ट अतिथि हैं. आपका हार्दिक स्वागत है।
मैं इस अवसर पर कोलंबो में हमारे मिशन के प्रयासों को याद करना चाहूंगा जब मैंने श्रीलंका में उप-उच्चायुक्त के रूप में काम करते हुए पहला विदेशी प्रतिनिधिमंडल कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भेजा था।

3. संयोग से, इस February के महीने बहरीन में हमारा भारतीय दूतावास में UP राज्य, इसके उत्पादों और पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा दे रहा है। यह प्रथा हमने 2023 की दूसरी छमाही से शुरू किया है। इसके अलावा अभी हाल में हुए हमारे गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में हमने कन्नौज इत्र को बढ़ावा दिया, जिसे हमारे बहरीनी मित्रों ने बहुत सराहा।

4. दूतावास में Open House में बिना किसी Appointment के हम अपने भारतीय समुदाय के सदस्यों से उनके कांसुलर और अन्य मुद्दों के सम्बन्ध में मिलते हैं. मैंने देखा कि मुझे UP के नागरिकों से मजबूत समर्थन मिला है जो कि अत्यंत ख़ुशी की बात है । मुझे आशा है कि आप दूतावास के साथ ऐसे ही सक्रिय रूप से जुड़े रहेंगे।

5. UP भारत के सबसे बड़े राज्यों में से एक है और भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं UP परिवार बहरीन के सभी सदस्यों को इस नेक काम में अपना योगदान देने के लिए निवेदन करता हूँ. UP की खूबियां - जैसे खाद्यान्न उत्पादन में नंबर एक रैंकिंग, बड़े पैमाने पर सड़क नेटवर्क, एक तरफ दिल्ली और मुंबई के लिए रेल कनेक्टिविटी और दूसरी तरफ लुधियाना और कोलकाता के साथ, मेरठ में खेल उत्पाद,

मोरादाबाद में पीतल के बर्तन जैसे विशेष व्यवसाय समूह, कन्नौज में इत्र, कानपुर में चमड़ा, आगरा में जूते, वाराणसी की साड़ियाँ, भदोही में कालीन, लखनऊ में चिकनकारी कढ़ाई आदि आकर्षित करती हैं ।

6. यह भी महत्वपूर्ण है कि आप भारत और बहरीन के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए काम करें। इसके लिए सबसे आवश्यक है इस देश के कानूनों और नियमों का पूरा सम्मान करना जिससे बहरीन में रहना और काम करना और सुखद होगा।

7. धन्यवाद